Scotland's Census
Shaping our future
A' dealbhadh ar n-àm ri teachd

स्कॉटलैंड जनगणना 2022 मार्गदर्शिका

स्कॉटलैंड जनगणना
सही जानकारी प्रदान करें, सही आँकड़ें भरें।

census.gov.scot पर जाएँ

जनगणना क्या है?

स्कॉटलैंड की जनगणना इस देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति और घर की आधिकारिक गणना है। यह प्रक्रिया आम तौर पर प्रत्येक 10 वर्ष में की जाती है। इस जनगणना में लोगों की आयु, लिंग, घर एवं जीवनयापन स्थिति, शिक्षा, रोजगार एवं क्वालीफिकेशन के साथ ही साथ उनकी नृजातीयता संबंधी प्रश्न पूछे जाते हैं।

इस जनगणना को पूरा करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन उत्तरों से Scottish Government एवं बहुत से अन्य सेवा प्रदाताओं को ऐसे महत्वपूर्ण डेटा मिल पाते हैं, जो उन्हें अपने समुदायों एवं लोगों के जीवन को बेहतर बनाने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लेने हेतु चाहिए होते हैं।

इन निर्णयों में ये बातें शामिल होती है कि हमारे समुदायों में शिक्षा, घर, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें एवं रेलवे इत्यादि जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं पर धन में कैसे खर्च किया जाएगा।

जनगणना दिवस कब है?

जनगणना दिवस 20 मार्च, रविवार को है परंतु आप यह पत्र मिलने के साथ ही अपनी जनगणना को ऑनलाइन पूरा करने में सक्षम रहेंगे। तथापि, इन उत्तरों में 20 मार्च, रविवार को आपके हाउसहोल्ड को रिफ्लेक्ट होना जरूरी है।

मैं जनगणना को कैसे भरूं?

आप अपनी जनगणना को ऑनलाइन पूरा कर सकते हैं, अथवा एक कागजी प्रति का अनुरोध करके इसे पूरा कर सकते हैं। फरवरी 2022 के अंत से लोगों को अपने घरों में एक पत्र मिलना आरंभ हो जाएगा, जिसमें उनकी जनगणना को ऑनलाइन पूरा करने संबंधी निर्देश दिए गए होंगे।

जनगणना पूरी करने संबंधी वेबसाइट दिनांक 28 फरवरी से चालू हो जाएगी।

1. विजिट करें www.census.gov.scot
2. START पर क्लिक करें
3. आपको जो पत्र मिला है उसमें दिया हुआ यूनिक इंटरनेट एक्सेस कोड दर्ज करें
4. स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों का पालन करें

यदि आपको कागजी प्रति या नया इंटरनेट एक्सेस कोड हेतु अनुरोध करना हो, तो census.gov.scot पर जाएं और अथवा हेल्पलाइन नंबर **0800 030 8308** पर फोन करें।

क्या इसे पूरा करना मेरे लिए अनिवार्य है?

हां। स्कॉटलैंड के प्रत्येक घर की यह विधिक जिम्मेदारी है कि वे जनगणना प्रश्नावली अवश्य भरें। यह इस बात को सुनिश्चित करने के लिए बहुत ही जरूरी है कि जनगणना से समग्र राष्ट्र से संबंधित विस्तृत एवं सटीक जानकारी मिल सके।

कोई भी ऐसा व्यक्ति जो किसी संपत्ति में रहता है, उसका स्वामी है, उसमें किराए पर रहता है अथवा घरेलू बिलों का भुगतान करता है, वह जनगणना को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। यदि आप किसी केयर होम, रेजिडेंस हॉल, या हॉस्टल में रहते हैं तथा आपकी आयु 16 वर्ष से अधिक है, तो आपको पृथक जनगणना पूरा करने की जरूरत होगी, साथ ही कम्युनल इस्टैब्लिशमेंट प्रश्नावली में हिस्सा लेने की भी जरूरत होगी।

यदि मुझे प्रश्न समझ न आएं, तो क्या होगा?

28 फरवरी को जनगणना पूरी करने संबंधी वेबसाइट (census.gov.scot) चालू हो जाने के बाद आप उस वेबसाइट पर जाकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे, जो निम्न भाषाओं में उपलब्ध होगा। इसमें और भी भाषाओं के लिए सहायता हमारी हेल्प लाइन नंबर **0800 030 8308** के माध्यम से उपलब्ध है।

अरैबिक	**गैलिक**	**मैंडरिन**	**रूसी**
कैंटोनीज	**हिन्दी**	**पॉजिश**	**स्लोवक**
चेक	**कुर्दिश**	**पंजाबी**	**तुर्किश**
फारसी	**लिथुनियन**	**रोमानियन**	**उर्दू**

यदि मुझे कोई डिसेबिलिटी हो, तो?

यह जनगणना यथासंभव एक्सेसिबल हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हमने विभिन्न डिसेबिलिटी समूहों के साथ मिलकर कार्य किया है। यदि आपको सहायता चाहिए अथवा प्रश्नावली किसी दूसरे फॉरमेट में चाहिए हो, तो कृपया हमारे संपर्क केंद्र से संपर्क करें अथवा census.gov.scot पर जाएं। आप जनगणना भरने में किसी देखभालकर्ता, मित्र या संबंधी से भी सहायता ले सकते हैं।

यदि आपको बोलने या सुनने संबंधी समस्याएं हों, तो कृपया **18001 0800 030 8308** पर टेक्स्ट रिले सर्विस का उपयोग करें।

क्या मेरी जनगणना सूचना सुरक्षित है?

हां। किसी जनगणना डेटा को प्रकाशित करने से पहले हम उसमें से सभी व्यक्तिगत जानकारी हटा देते हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी व्यक्ति को उसके उत्तरों से न पहचाना जा सके। जनगणना डाटा 100 वर्षों तक अप्रकाशित रहता है, तथा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसे बहुत ही कम लोग एक्सेस कर सकें।

मुझे फिर भी कोई सहायता चाहिए हो, तो?

दिनांक 28 फरवरी से हमारा संपर्क केंद्र खुल जाएगा आप किसी भी लैंडलाइन, मोबाइल फोन से **0800 030 8308** पर नि:संकोच फोन करें। आप census.gov.scot पर वेबचैट के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं।

स्कॉटलैंड जनगणना
सही जानकारी प्रदान करें, सही आँकड़ें भरें।

census.gov.scot पर जाएँ